# शब्द जाल प्रतियोगिता – 4

नीचे दिये गये अव्यवस्थित शब्द समूहों में बिजली से चलने वाले उत्पादनों की कंपनी के नाम छिपे है उन्हें ढूँढ़कर व्यवस्थित क्रम में लिखे – उत्तर यहां लिखे

1) Fridge Company - J O R E D G ________
2) Mobile Company - E P A L P ________
3) TV Company - O S N Y ________
4) Washing Machine - P L O W I H R O L ________
5) Electrical Appliances - H P L I S P I ________
6) Microwave Company - U M S A S G N ________
7) AC Company - A N P O N S I C A ________
8) Computer Company - E L D L ________
9) Fan Company - H S A U ________
10) Laptop Company - O L E N V O ________

संकेत – शब्द का पहला अक्षर रेखांकित किया गया है।

नम्नलिखित पते पर भेजें – **'गोलालारीय दर्शन'** 64, न्यू देवास रोड, इन्दौर । प्राप्त सही प्रविष्टियों का ड्रा निकालकर प्रथम 5 विजेताओं को पुरस्कृत किया जावेगा, आगामी अंक में उनके फोटो भी प्रकाशित किये जायेंगे।

**नियम** – प्रतियोगिता 8 वर्ष से 13 वर्ष तक के बच्चों के लिए ही है। प्रविष्टि भेजने की **अंतिम तिथि 15 जुलाई 2014** सही जवाब के साथ वर्ष 2014 की अंकसूची की फोटोकॉपी (जिसमें जन्म दिनांक अंकित हो) पर अभिभावक का नाम, टेलीफोन नंबर एवं प्रत्याशी का नवीन फोटो अवश्य भेजें। संपादक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। **नोट – प्रतियोगिता–3 के विजेताओं के नाम एवं फोटो आगामी अंक में प्रकाशित किया जायेगा।**

# अतिशय क्षेत्र सेरोनजी में वार्षिक मेला संपन्न

ललितपुर, अरविन्द कुमार जैन। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र सेरोनजी पर दि. 20 अप्रैल 2014 को भव्य वार्षिक मेला एवं श्री नेमीगिरी पहाड़ी का शिलान्यास संपन्न हुआ। मेले का उद्घाटन श्रीमती ज्योति–अरविन्द जमादार, ललितपुर एवं मेले की अध्यक्षता श्री अशोककुमार अनोरावाले, अध्यक्ष गल्ला व्यापार मंडल ललितपुर ने की। शांतिनाथ बाल संस्कार केन्द्र इंटर कालेज के बच्चों द्वारा मंगलाचरण किया गया तत्पश्चात क्षेत्र विकास सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। तत्पश्चात श्री नेमीगिरी पहाड़ी का शिलान्यास श्रीमती शांतिबाई धर्मपत्नी स्व. श्री कैलाशचंद 'नौहरकलां' देवेन्द्र कुमार, राजकुमार 'राजू', सुनील कुमार नौहरकलां ललितपुर द्वारा पं. संतोषजी 'अमृत' द्वारा संपन्न कराया गया। मेले में सर्वप्रथम नेमीगिरी पहाडी में सहयोग राशि श्री सेठ चंपालाल, श्री प्रदीपकुमारजी, प्रसन्नकुमारजी ने घोषित की पहाडी निर्माण में श्री उत्तमचंदजी आर.आई. कुरवाई वाले, राकेशकुमार नौहरकलां, शीलचंद पारस पाइप, सुधीर कुमार सिंचाई विभाग, सनतकुमार भंडारी गंजबासौदा, राजेशकुमार बरौदावाले, आदि ने सहयोग राशि की घोषणा की। मेला में श्री शैलेष जैन 'पिन्टू', राकेश डब्लू, सुरेन्द्र देवरान, मुकेश नेता, सौरभ बरौदा आदि मौजूद रहे। अंत में कमेटी के अध्यक्ष हीरालाल खजुरिया, मंत्री गुलाबचंद सेरोन, कोषाध्यक्ष अरविन्द बरौदा ने आभार व्यक्त किया।

## घर घर हुए मंगलाचार

इन्दौर, अनुपमा जैन। विजय नगर स्थित 1008 श्री पार्श्वनाथ मंदिरजी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री आदिनाथ जयंती से लेकर श्री महावीर जयंती तक प्रतिदिन घर घर व जिनालय में मंगलाचार गाये गये। जिसमें समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में भक्तामर मंडल 74–सी, महिलाओं की ओर से थी तीन दिनों तक भजन संध्या का आयोजन कर संगीतमय भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ दी गयी। इसमें मंडल की सदस्य श्रीमती कल्पना अजित जैन, अनुपमा जैन, नेहा जैन, कल्पना जैन 'बागो', सुशीला काला, रंजन जैन, सुनीता सेठिया, रजनी जैन, सविता जैन, रुचिका जैन आदि का विशेष योगदान रहा, सभी महिलाओं को प्रभावना वितरित की गयी।

# महावीर जयंती की भव्य शोभा यात्रा संपन्न

इन्दौर, कोमलचंद जैन। 13 अप्रैल 2014, रविवार को 1008 भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक पर सभी मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ महावीर जयंती मनाई। मुख्य शोभायात्रा कांच मंदिरजी से निकली, जिसमें गोलालारीय समाज के सदस्यों ने उत्साह पूर्वक 4थे वर्ष भी सक्रियता से भाग लिया। प्रातःकाल समाज मंदिर न्यू देवास रोड मंदिरजी से प्रभातफेरी निकाली जो विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिरजी पर आकर संपन्न हुई तत्पश्चात श्रीजी के कलश हुए और प्रभावना वितरण भी साआनंद संपन्न हुआ।



गत चार वर्षों में इस वर्ष मुख्य शोभायात्रा में गोलालारीय समाज सदस्यों की सहभागिता सर्वाधिक थी। पूर्वयोजना अनुसार नवीन पंचरत्न, मोती महल के निवास पर एकत्रित होकर भव्य जुलूस में शामिल हुए। समाज के सभी सदस्य सफेद कुर्ता पायजामा एवं महिलायें केशरिया वस्त्रों मे थी एवं सभी लोगों ने गर्मी से राहत पाने हेतु केप पहन रखी थी जिस पर गोलालारीय समाज का नाम व मोनो बना था जो दूर से ही आकर्षक लग रहा था। शोभायात्रा में शामिल सदस्यों ने अपने हाथों में समाज की एकता एवं एकजुटता के संदेशों तख्तियां ले रखी थी। उन पर आकर्षक नारे, धार्मिक और सामाजिक उत्थान से संबंधित नारे लिखे थे। यात्रा आयोजकों के निर्णयानुसार समाज को चौथे स्थान प्राप्त हुआ। जुलूस पारंपरिक मार्गों से होता हुआ भव्यता प्रदान कर रहा था। अनेक समाजों की विभिन्न झाकियों ने शोभा यात्रा की गरिमा में अभिवृद्धि की। जैन समाज के विभिन्न संगठनों ने जगह जगह समाज के वरिष्ठ सदस्यों का मोतियों की माला व धर्मध्वज पहनाकर व सदस्यों को ठंडा पानी, शर्बत, छाछ से स्वागत किया। करीब 6 बजे कांच मंदिर पर जुलूस समाप्ति पर श्रीजी का अभिषेक हुआ तत्पश्चात समग्र जैन समाज द्वारा सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन रखा गया।

# महावीर जयंती पर किया गया विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

ललितपुर, शैलेश जैन 'पिन्टू'। विश्व को जियो और जीने दो का मंत्र देने वाले जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीरजी का 2613वां जन्म दिवस बडे ही भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभातफेरी से हुई, प्रभुजी के मंगल गीत गाते हुए प्रभातफेरी निकाली गयी और भगवान महावीरजी का संदेश जन–जन तक पहुंचाया गया। तत्पश्चात सभी मंदिरों में भगवान महावीर का मस्तकाभिषेक व पूजन अर्चना की गयी। बाहुबली नगर स्थित आदिनाथ जैन मंदिर में भगवान महावीर का मेरु पर्वत पर जन्माभिषेक किया गया। वहीं पर भगवान महावीर के माता पिता बने पात्रों द्वारा भगवान का झूला पालना झूलाया गया। मौके पर समाज के गौरव पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमा भारती ने भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बालक महावीर का पालना झूलाया एवं मंगल आरती उतारी। शाम को भगवान महावीर की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज की स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा लेजम चाचर दिव्यघोष एवं अखाड़े का प्रदर्शन किया। भगवान महावीर की सुंदर सुज्जित झांकियां भी निकाली गयी। यह शोभायात्रा अटामंदिर बाहुबली नगर एवं आदिनाथ मंदिर नई बस्ती से शुरु होकर सदरकाटें पर एकत्रित होते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गुजरी। जिसमें विभिन्न स्वयं सेवी संगठन एवं समाज के श्रेष्ठीजनों द्वारा शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर जैन युवा संगठन के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन महावीर नेत्र चिकित्सालय में किया गया। जिसमें समाज के नवयुवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए 32 यूनिट रक्त दान किया। इस रक्तदान शिविर में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर दिगम्बर जैन पंचायत अध्यक्ष अजित खजुरिया, महामंत्री अनिल अंचल, पकंज जैन पार्षद, सुनील जैन आबू, मनीष बंडा समेत अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। रक्तदान विशाल शिविर में महिलाओं ने भी अपनी भागीदारी दर्ज करायी।

## पाठकों की कलम से ...

आपके द्वारा प्रेषित 'गोलालारीय दर्शन' नियमित प्राप्त हो रहा है। समाज को एक सूत्र में बांधने का बीड़ा जो आप लोगों ने उठाया है वह कार्य वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रंशसनीय है। मेरी शुभकामनाएँ आपकी पूरी टीम के लिए समर्पित है।

– डॉ. पंकज जैन, सीहोर

गोलालारीय दर्शन ''विवाह विशेषांक'' प्राप्त हुआ पढ़कर प्रसन्नता हुई। समाज के विवाह योग्य पुत्र/पुत्री के परिचय की जानकारी एक ही स्थान पर मिलना अत्यंत सराहनीय कार्य है। भविष्य में इस प्रकार के विशेषांक के लिए अच्छे कागज/अच्छे फोटो प्रिंट का उपयोग करे तो अति उत्तम होगा। यह मेरा सुझाव है। समाजजनों से विनम्र अनुरोध है कि पत्र समाज के सभी परिवारों तक पहुँचे इस हेतु समाज सदस्य इसके विशेष सहयोगी बन आर्थिक संबल प्रदान करें ताकि पत्र जीवटता के साथ प्रकाशित होता रहे।

– वीरेन्द्रकुमार जैन, विदिशा